प्रधानमंत्री ने 1800 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया

चर्चा में क्यों?

7 जुलाई, 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी के सिगरा स्थित डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित एक कार्यक्रम में 1800 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

प्रमुख बिंदु

- कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने 590 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इनमें वाराणसी स्मार्ट सिटी एवं शहरी परियोजनाओं के तहत आने वाली कई पहल शामिल हैं।
- इसी तरह प्रधानमंत्री ने 1200 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। इनमें सड़क अवसंरचना से जुड़ी विभिन्न परियोजनाएँ शामिल हैं। इन परियोजनाओं से शहर और ग्रामीण सड़कों पर यातायात के भार को कम करने में काफी मदद मिलेगी।
- इस क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, प्रधानमंत्री ने विश्व बैंक से सहायता प्राप्त 'उत्तर प्रदेश गरीब समर्थक पर्यटन विकास परियोजना' के तहत सारनाथ बौद्ध सर्किट के विकास कार्य, अष्टविनायक के लिये पवनपथ का निर्माण, द्वादश ज्योतिर्लिंग यात्रा, अष्टभैरव, नवगौरी यात्रा, पंचकोसी परिक्रमा यात्रा मार्ग में पाँच पड़ावों के पर्यटन विकास कार्य और पुरानी काशी में विभिन्न वार्डों में पर्यटन विकास के कार्य सहित विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास किया।
- इसके अलावा प्रधानमंत्री ने सिगरा में स्पोर्ट्स स्टेडियम के पुनर्विकास कार्यों के प्रथम चरण का शिलान्यास भी किया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/inauguration-and-foundation-stone-laying-of-development-projects-1